**आकाशवाणी श्री विजयपुरम**

दिनांक : 14.12.2025 समय : 1905

<><><><><><><>

1. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि ऊर्जा संरक्षण अब सिर्फ एक विकल्प नहीं, बल्कि वर्तमान समय की आवश्यकता है। राष्ट्रपति ने राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार 2025 के विजेताओं को सम्मानित किया।
2. उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन ने सम्राट पेरुम्बिडुगु मुथारैयार द्वितीय के सम्मान में स्मारक डाक टिकट जारी किया।
3. द्वीप समूह में इक्कीस दिसंबर को पल्स पोलियो टीकाकरण के लिए राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस आयोजित किया जाएगा।
4. जहाजरानी सेवा निदेशालय ने बैरन द्वीप के लिए जनवरी माह के राउंड क्रूज़ कार्यक्रम की घोषणा की– कल से टिकट जारी किए जाएंगे।

<><><><><><><>

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि ऊर्जा संरक्षण अब सिर्फ एक विकल्प नहीं, बल्कि वर्तमान समय की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि बचत की गई ऊर्जा की हर इकाई प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी की भावना को दर्शाती है। आज ऊर्जा संरक्षण दिवस के अवसर पर राष्ट्रपति ने नई दिल्ली में राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार और ऊर्जा संरक्षण पर राष्ट्रीय चित्रकारी प्रतिस्पर्धा के विजेताओं को सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि निर्धारित समय सीमा के पहले भारत ने अपनी स्वच्छ ऊर्जा वचनबद्धताओं को पूरा किया है। यह उन्नत ऊर्जा दक्षता और कार्बन उत्सर्जन कम करने की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि को दर्शाता है।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि भारत विश्व की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक है।

इस अवसर पर केन्द्रीय विद्युत मंत्री मनोहर लाल ने राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार–2025 के विजेताओं को बधाई दी। उन्होंने इस कार्यक्रम को विकास और पर्यावरण संरक्षण को प्रतिबिम्बित करने वाला बताया। उन्होंने ऊर्जा संरक्षण–दो हजार पच्चीस पर राष्ट्रीय चित्रकारी प्रतियोगिता के विजेताओं को भी बधाई दी।

<><><><><><><>

उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन ने आज नई दिल्ली में मुथारैयार वंश के तंजावुर के सम्राट पेरुम्बिडुगु मुथारैयार द्वितीय सुवरन मारन के सम्मान में एक स्मारक डाक टिकट जारी किया। इस अवसर पर श्री राधाकृष्णन ने तमिल संस्कृति और भाषा के लिए सरकार के निरंतर समर्थन की प्रशंसा की। उन्होंने काशी तमिल संगमम सहित कई पहलों का उल्लेख किया। श्री राधाकृष्णन ने तमिल राजाओं, नेताओं और स्वतंत्रता सेनानियों को उचित मान्यता और सम्मान प्रदान करने के लिए सरकार के प्रयासों की प्रशंसा की। उपराष्ट्रपति ने कहा कि सम्राट पेरुम्बिडुगु मुथारैयार पर स्मारक डाक टिकट का विमोचन इस निरंतर मान्यता प्रक्रिया का एक हिस्सा है। उन्होंने कहा कि देश के विकसित भारत की ओर अग्रसर होने के समय गुमनाम नायकों को मान्यता देना भारत के सांस्कृतिक गौरव को पुनर्जीवित करने के लिए आवश्यक है। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन, राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश और सूचना तथा प्रसारण राज्य मंत्री एल. मुरुगन भी इस अवसर पर उपस्थित थे।

<><><><><><><>

द्वीप समूह के सांसद बिष्णु पद रे ने द्वीप समूह में ज़रूरी खाद डाई–अमोनियम फॉस्फेट यूरिया की कमी के मुद्दों का समाधान होने और सप्लाई प्रक्रिया भी लागू होने पर प्रशंसा व्यक्त की। दो हजार उन्नीस से, द्वीपों में DAP और यूरिया की सप्लाई और आयात में रुकावट बनी हुई थी, जिससे स्थानीय किसानों को बहुत मुश्किलो का सामना करना पड़ा। सब्सिडी वाली खाद न मिलने से खेती की पैदावार में कमी आई और किसानों को बहुत ज़्यादा कीमतों पर सामान खरीदना पड़ा। श्री बिष्णु पद रे ने इस मामले को भारत सरकार, जिसमें

केंद्रीय रसायन और उर्वरक मंत्री और अंडमान निकोबार प्रशासन के साथ इस पर काम किया। सांसद ने उम्मीद जताई कि खाद के आने से किसानों को तुरंत राहत मिलेगी और अवैध गतिविधियों पर रोक लगेगी तथा पूरे द्वीपों में खेती के सामान की कीमतें स्थिर होंगी। उन्होंने द्वीप समूह के किसान समुदाय के लिए एक भरोसेमंद खाद सप्लाई व्यवस्था स्थापित करने की दिशा में काम करने और सुचारू वितरण सुनिश्चित करने के लिए स्थिति पर बारीकी से नज़र रखने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

<><><><><><><>

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने इक्कीस दिसंबर को अंडमान निकोबार द्वीप समूह में पल्स पोलियो प्रतिरक्षण अभियान के तहत राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस का आयोजन करेगा। इस अवसर पर पांच वर्ष आयु तक के सभी बच्चों को निर्धारित पोलियो बूथों पर बाइवेलेंट ओरल पोलियो वैक्सीन की दो बूंदें पिलाई जाएँगी। इसके बाद अगले दो दिनों तक स्वास्थ्य कर्मचारी घर–घर जाकर उन बच्चों को भी पोलियो की खुराक देने का काम करेंगे जो बूथों पर नहीं पहुँच पाए। सत्रह दिसम्बर को अभियान की तैयारियों की जानकारी के लिए स्वास्थ्य सेवा निदेशालय के सम्मेलन कक्ष में मीडिया कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा।

<><><><><><><>

देश के एकमात्र सक्रिय ज्वालामुखी को देखने के लिए पर्यटकों और निवासियों की बढ़ती मांग को देखते हुए, जहाजरानी सेवा निदेशालय ने बैरन द्वीप के लिए जनवरी माह के राउंड क्रूज़ कार्यक्रम की घोषणा की है। जलयान नालंदा नौ और इक्कीस जनवरी को रात नौ बजे रवाना होगा। इसके लिए टिकटों की बुकिंग विभाग के ई–टिकटिंग पोर्टल के माध्यम से की जा सकती है। टिकट कल सुबह नौ बजे से जारी किए जाएंगे। यात्रियों की सुविधा के लिए, सीधे पोर्टल से जुड़ने वाला एक क्यूआर कोड भी प्रदान किया गया है।

<><><><><><><>

वन रेंजर पद के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवार लिखित परीक्षा के प्रवेश पत्र erecruitment.andamannicobar.gov.in से बाईस दिसम्बर की मध्यरात्रि तक डाउनलोड कर सकते हैं। उम्मीदवारों से कहा गया है कि भौतिक रूप में कोई प्रवेश पत्र जारी नहीं किया जाएगा। प्रवेश पत्र डाउनलोड करने से संबंधित किसी भी प्रश्न के लिए, उम्मीदवार सभी कार्य दिवसों में, सुबह नौ बजे से शाम पांच बजे के बीच, प्रधान मुख्य वन संरक्षक कार्यालय के भर्ती प्रकोष्ठ से व्यक्तिगत रूप से या फोन पर संपर्क कर सकते हैं।

<><><><><><><>

विद्युत विभाग में ग्रुप–सी के विभिन्न पदों के लिए प्रतीक्षा सूची से चयनित उम्मीदवारों की सूची जारी की गई है। दस्तावेजों की जांच का कार्य तेईस दिसम्बर सुबह दस बजे से दोपहर एक बजे के बीच अधीक्षण अभियंता के कार्यालय में किया जाएगा। उम्मीदवारों को अपने आवश्यक दस्तावेजों के साथ उपस्थित रहने को कहा गया है।

<><><><><><><>

चिंथे लॉन्ग रेंज, ब्रिचगंज में कल से तेईस दिसंबर तक सुबह साढ़े नौ बजे से शाम पांच बजे तक फायरिंग अभ्यास किया जाएगा। आम नागरिको से कहा गया है कि वे निर्धारित तिथि और समय के दौरान स्वयं तथा अपने वाहन और पशुओं को फायरिंग क्षेत्र से दूर रखें।

<><><><><><><>

द्वीप समूह के अधिकांश भागों में आज रूक–रूक कर वर्षा हो रही है। आज सुबह साढ़े आठ बजे तक लॉन्ग आइलैंड में सत्तर दशमलव दो मिलीमीटर, मायाबन्दर में इक्कतीस, हटबे में छब्बीस दशमलव चार और श्री विजयपुरम में अटठारह दशमलव पांच मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई। अगले तीन दिनों के मौसम संबंधी पूर्वानुमान में बताया गया है कि अंडमान निकोबार द्वीप समूह के कई स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा हो सकती है।

<><><><><><><>